PRINT

# दैनिक जागरण

| National News Paper | Edition: (Ranchi) Jharkhand | Circulation: 47896 |
| --- | --- | --- |
| Date: 23.07.2026 | Page No -- | Serial No.: |


## सीआइएसएफ ने पिपरवार में किया 12.41 टन अवैध कोयला जब्त

संसू, जागरण● पिपरवार : कोयला चोरी और अवैध खनन के खिलाफ सीआइएसएफ का अभियान जारी है। बुधवार को सीआइएसएफ इकाई सीसीएल एनके एवं पिपरवार ने खुफिया सूचना के आधार पर पिपरवार क्षेत्र के अशोक खदान से 12.410 टन अवैध कोयला बरामद किया। जब्त कोयला एमएमडीआर अधिनियम के तहत कानूनी प्रक्रिया पूरी कर सीसीएल प्रबंधन को सौंप दिया गया। सीआइएसएफ के अनुसार अशोक खदान से 1003 बैरियर जाने वाले कच्चे सार्वजनिक मार्ग पर वेट ब्रिज संख्या-09 के पास कोयला छिपाकर रखा गया था। मौके पर कोई व्यक्ति या वाहन नहीं



कोयला जाब्त करते सीआइएसएफ जवान

मिला। प्रारंभिक जांच में आशंका जताई गई कि यह कोयला चोरी या अवैध खनन से जुटाया गया था। उप कमांडेंट दिनेश कुमार और सहायक कमांडेंट हर्ष लवानिया के नेतृत्व में विशेष अभियान चलाया गया।